तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025

कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा 12

भौतिक विषय में विनीत को मिली पीएचडी उपाधि 12

खबर संक्षेप

15 की स्थगित परीक्षा अब 21 और 27 को

महासमुंद। यूजीसी नेट की 15 जनवरी की होने वाली परीक्षा स्थगित की गई थी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से इसका नया शेड्यूल जारी कर दिया गया है। अब यह परीक्षा 21 और 27 जनवरी को आयोजित की जाएगी। 16 जनवरी को परीक्षा पूर्व निर्धारित समय के अनुसार ही होगी। नए शेड्यूल के अनुसार 21 जनवरी को इंडियन नॉलेज सिस्टम, मलयालम, उर्दू, लेबर बेलफेयर, ट्राइबल एंड रीजनल लैंग्वेज क्रिमिनोलॉजी, लिटरेचर, फोक कोंकणी और इनवायरमेटल की परीक्षा होगी। यह पहली पाली में सुबह 9 से 12 बजे तक होगी। वहीं 27 जनवरी को दूसरी पाली यानी दोपहर 3 से 6 बजे तक संस्कृत, जनसंचार एवं पत्रकारिता, जैपनिज, परफॉर्मिंग आर्ट- डांस, ड्रामा व थियेटर, इलेक्ट्रॉनिक साइंस, यूमन स्टडीज, लॉ और नेपाली विषय के लिए परीक्षा होगी।

समिति प्रभारी पर 20 हजार रिश्वत मांगने का आरोप

महासमुंद। एक किसान ने सेवा सहकारी समिति सलडीह के प्रभारी पर 20 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए किसान ने कलेक्टर से शिकायत की है। पिथौरा तहसील अंतर्गत ग्राम शंकरपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 464 रकबा 1.61 हे. भूमि सुभाष, लाला, चंद्रहास एवं सुष्मिता के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। जिनका किसान किताब भी उनके पास मौजूद है। उपरोक्त भूमि के धान विक्रय सुभाष के नाम से धान खरीदी केंद्र सलडीह में पंजीयन हुआ है, जिसका पंजीयन न. एफसी 5800470100534 है। जिसमें सुभाष के पुत्र कमल सिदार धान विक्रय करना चाहता है। धान विक्रय टोकन कटाने के लिए कमल सिदार कई बार धान खरीदी केंद्र सलडीह का चक्कर काट चुका है। किन्तु समिति प्रभारी गजानंद पटेल द्वारा उक्त भूमि को विवादित कहकर धान का टोकन काटने से मना किया जा रहा है। 20 हजार की मांग की जा रही है।

प्रॉपर्टी कार्ड बाटेंगे मोदी, वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देशभर के 50 हजार गांवों में 58 लाख प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 18 जनवरी किया जाएगा। वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री भी महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर योजना के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे एवं लाभार्थी कार्डधारकों के साथ संवाद भी करेंगे। स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में सुबह 11 बजे से आयोजित है। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल भी शामिल होंगे।

स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में होगा संपन्न

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार 18 जनवरी को महासमुंद में प्रस्तावित स्वामित्व योजना कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस संबंध में शुक्रवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जनप्रतिनिधियों ने शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही हेलीपैड पर की जा रही तैयारियों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था के साथ विशिष्ट व्यक्तियों और गणमान्य नागरिकों प्रवेश द्वार और निकासी द्वार की जगह का भी अवलोकन किया। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था के लिए भी दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में आज होंगे शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार 18 जनवरी को महासमुंद पहुंचेंगे। वे महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर माविद्यालय मचेवा में स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रोटोकॉल से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री साय पुलिस ग्राउंड हेलीपैड से सुबह 11.35 बजे महासमुंद के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना होंगे तथा 11.55 बजे महासमुंद पहुंचेंगे। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात वे दोपहर 2.05 बजे जेठा सक्ती के लिए प्रस्थान करेंगे।

कार्रवाई : अलग-अलग मामले में सिंघोड़ा और कोमाखान पुलिस की कार्रवाई

गांजे की तस्करी करते 8 गिरफ्तार

7 लाख रुपए का गांजा हुआ बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिंघोड़ा और कोमाखान पुलिस ने ओडिशा से गांजा लेकर महाराष्ट्र व रायपुर जा रहे 8 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। अलग-अलग दो मामलों में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 7 लाख रुपए का गांजा, दो कार व एक बाइक जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर की सूचना मिली कि एक टोएटा कार क्रमांक एमएच 06 एबी 3307 में तीन व्यक्ति गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं और अन्य आर्टिका कार क्रमांक ओडी 02 सीजेड 8252 में तीन व्यक्ति पायलेटिंग करते हुए आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने एनएच 53 रेहटीखोल पहुंचकर नाकेबंदी कर वाहनों की चेंकिंग शुरू की। इसी दौरान कुछ समय बाद कार क्रमांक ओडी 02 सीजेड 8252 को रोका गया। जिसमे तीन व्यक्ति सवार थे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम-पता वार्ड 11 सरकार नगर पुराना बाजार छड़क मोहल्ला थाना रोलर भद्रक जिला भद्रक ओडिशा निवासी अताउल्ला खां (42), कियाकटा वार्ड 12 थाना कियाकटा जिला अंगुल ओडिशा निवासी देवेन्द्र साहू (40) व अंजन कुमार महंती (34) बताया। बाद पीछे से एक अन्य कार क्रमांक एम एच 06 ए बी 3307 आती दिखी। पुलिस को देखकर कार में से एक व्यक्ति उतरकर भागने लगा, जिसे स्टाफ ने दौड़ाकर पकड़ा। पुलिस ने भागने का कारण पूछा, तब टोयोटा क्रोल्ला कार की डिक्की में गांजा रखना तथा उक्त गांजा अताउल्ला खां जो पायलेटिंग कार में सवार के घर से तारडेव मुंबई महाराष्ट्र ले जाना बताया। पुलिस पूछताछ में दूसरी कार में सवार तीन व्यक्तियों ने अपना नाम-पता यू 235 न्यू अप्रोच रोड बिहाईण्ड तुलसीवाडी पोस्ट तारडेÞव थाना तारडेव मुंबई महाराष्ट्र निवासी हुसैन इकबाल शेख (42), अंधेरी वसोर्वा लिंक रोड खुजाराली वशीला बिल्डिंग रूम नंबर 30 एच थाना डी.एन. नगर वसोर्वा मुंबई महाराष्ट्र निवासी शाहनवाज मोहम्मद उमर अंसारी (31) और तारडेव तुलसीवाडी झोपड पट्टी आर-150 न्यू अप्रोच रोड थाना ताड़देव मुंबई महराष्ट्र निवासी अनवर मुन्ना खान (54) बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान टोयोटा कार की डिक्की से गांजा के 41 पैकेट (कीमत 6.15 लाख रुपए) के साथ घटना में प्रयुक्त दो कार,मोबाइल जब्त किया। आरोपियों को धारा 20 (ख), 29(1) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

गांजा खपाने रायपुर ले जा रहे थे तस्कर

कोमाखान पुलिस ने ओडिशा से गांजा लेकर आ रहे दो युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 75 हजार रुपए कीमत का 5 किलो गांजा जब्त किया गया है। मामले में नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत कार्रवाई की गई है। कोमाखान पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि 2 व्यक्ति एक काले रंग की बाइक मोटर क्रमांक सीजी 04 क्यू ए 4737 से महासमुंद की ओर आ रहे हैं। सूचना पर सुवरमाल धान मंडी के पास घेराबंदी की गई। कुछ देर में संदेही युवक बाइक से आते दिखे। जिन्हें संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम-पता मस्जिद के पास कांसीराम नगर रायपुर थाना तेलीबांधा जिला रायपुर निवासी शरद कुमार (21) व नितीन बाघ (19) बताया। पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो 5 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों ने बताया कि मोतीबाग निवासी अरशद खान ने गांजा लाने के लिए राशि दी थी। जिसे कांटाबांजी ओडिशा निवासी कुनाल पनका को फोन पे के माध्यम से 25 हजार रुपए में 05 किलो गांजा खरीद कर रायपुर के मोतीबाग निवासी अरशद खान के पास ले जा रहे थे।

वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक अधिकारी पिथौरा निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी केंद्रों के पर्यवेक्षण और पदीय दायित्वों के निर्वहन में जानबूझकर लापरवाही बरतने के कारण हुआ निलंबन

धान उपार्जन कार्य के तहत केंद्रों के निरीक्षण और पर्यवेक्षण में लापरवाही और कदाचरण के आरोप में पिथौरा विकासखंड के वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं प्रभारी सहकारिता विस्तार अधिकारी एसके डे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा के माध्यम से प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत की गई है। एसके डे पर जानबूझकर लापरवाही और मनमानी करने का आरोप है, जिससे राज्य शासन के महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। यह आचरण सेवा नियमों के प्रतिकूल पाया गया। निलंबन के दौरान एसके डे का मुख्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता पाने की पात्रता होगी।

उल्लेखनीय है कि विगत शुक्रवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा विकासखण्ड पिथौरा के पथरला, जाड़मुड़ा, आरंगी और नरसैयापालम धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमे एसके डे द्वारा विकासखंड पिथौरा में संचालित धान उपार्जन केंद्रों में समुचित रूप से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण नहीं किया जाना पाया था। इसके अलावा धान के बोरे फड़ में बिना स्टैकिंग के रखा गया था, जो भौतिक सत्यापन के योग्य नहीं था। उनके द्वारा शासन के महत्वपूर्ण कार्य धान खरीदी में अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में जानबूझकर लापरवाही किया जाना पाया गया था। फलस्वरूप उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

रेत का अवैध खनन, धान का अवैध भंडारण और परिवहन पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 6 हाईवा एवं एक नग चेन माउंटेन मशीन जब्त, दो व्यापारियों के यहां धान जब्त किया अफसरों ने

जिले में रेत का अवैध उत्खनन और धान का अवैध भंडारण और परिवहन लगातार जारी है। इसके चलते अफसरों को लगातार इन पर निगाह रखे हुए हैं और कार्रवाई भी लगातार जारी है। लेकिन, रेत के अवैध उत्खनन और धान के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सतत कार्रवाई के क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग के संयुक्त दल ने ग्राम मोहकम में रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत पर गुरुवार की सुबह औचक जांच किया गया। जांच दल द्वारा उत्खनन करते मशीन को घेर कर जब्त किया गया। मोहकम घाट में अवैध रेत उत्खनन के लिए बनाए गए रैंप को गहरा कर तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते 06 हाईवा एवं एक नग चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया गया। जब्त चेन माउंटेन मशीन को ग्राम पंचायत लहंगर के उपसरपंच की बाड़ी में सील बंद कर कोटवार के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई के दौरान जब्त हाईवा को थाना तुमगांव के सुपुर्द अभिरक्षा में दिया गया। कार्रवाई में नायब तहसीलदार महासमुंद, सहायक खनिज अधिकारी एवं खनिज विभाग तथा पुलिस विभाग की टीम शामिल थे।

चारभाटा में 80 बोरा अवैध धान जब्त

सरायपाली तहसील के चारभाटा गांव में खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 80 बोरा अवैध धान जब्त किया। तहसीलदार श्रीधर पंडा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव में अवैध रूप से धान का भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर टीम ने जीतू गुप्ता के घर पर छापा मारा, जहां बिना किसी वैध दस्तावेज और अनुमति के धान का भंडारण पाया गया। मौके पर मौजूद व्यक्ति से पूछताछ की गई, लेकिन वह धान के स्रोत और वैधता के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जब्त किए गए धान को सरकारी गोदाम में सुरक्षित रखा गया है।

कोमा और बरबसपुर में 272 कट्टा अवैध धान जब्त

बागबाहरा तहसील के ग्राम पंचायत कोमा और बरबसपुर में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मंडी अधिनियम के तहत अवैध धान जब्त किया। इस कार्रवाई में कुल 272 कट्टा धान जब्त किया गया है। संयुक्त दल ने ग्राम पंचायत कोमा में मुंशीलाल सोनी के गोदाम और निवास स्थल पर छापामारी की। इस दौरान वहां से 172 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। टीम ने बताया कि यह धान मंडी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए संग्रहित किया गया था। दूसरी कार्रवाई बरबसपुर के पद्मिनी सोनी समिति गबौद परिसर से 100 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। इसे बाद में संजय साहू पिता नूतन साहू, बरबसपुर को सुपुर्द कर दिया गया। जब्त किए गए धान के संबंध में मंडी अधिनियम के तहत आगे की कानूनी प्रक्रिया की जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी और परिवहन को लेकर सख्त नियम लागू हैं। अवैध धान भंडारण और परिवहन पर नजर रखने के लिए प्रशासन सक्रिय है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

जेवरा अवैध लकड़ी परिवहन करते वाहन जब्त, कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

वन विभाग की सतर्कता के चलते 15 जनवरी 2025 की रात्रि को एक बड़ा मामला सामने आया। रात 10 बजे रात्रि गश्त के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 5006 में अवैध रूप से 20 घन मीटर मिश्रित जलाऊ लकड़ी का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

महासमुंद वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत के निर्देशानुसार और उप वनमंडलाधिकारी अनिल कुमार भास्करन के मार्गदर्शन में बसना वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला ने यह कार्रवाई की। इस अभियान में सपअ वैजनाथ बारीक, परिसर रक्षी टिकेश्वर साव, देवानंद सोनी और सुरक्षा श्रमिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वाहन को जब्त कर पीओआर नंबर 19903/06 जारी किया गया। मामला छत्तीसगढ़ अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 की धारा 03, 05, 14 और 16 के तहत पंजीकृत किया गया है। जब्त वाहन और लकड़ी को राजसात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वन विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

ओबीसी के आरक्षण में कटौती, किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर भाजपा सरकार ने जो पूरे प्रदेश में षडयंत्रपूर्वक ओबीसी के आरक्षण में कटौती किया है, जिसकी विरोध में महासमुंद कांग्रेस कमेटी ने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

आज पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधान में दुर्भावनापूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायत में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। प्रदेश के 16 जिला पंचायत और प्रत्याशी जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी, लेकिन अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। मैदानी क्षेत्र में अधिकतर पंचायतें ऐसी है, जहां पर लगभग 90 से 999 प्रतिशत आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है, लेकिन वहां पर भी अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित सभी सीट अब सामान्य घोषित हो चुकी है। शायद सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, वह अब अनारक्षित सीट घोषित हो गई है।

बस्तर सरगुजा संभाग में आरक्षित वर्ग को बड़ा नुकसान हुआ है। सरगुजा संभाग के पांच जिले अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर और सोनहत, बस्तर के सात जिले बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर सहित मानपुर मोहला, जशपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही और कोरबा जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं है। इस सरकार द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरी निकाय चुनाव) में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है, उसके परिणाम सामने है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत जनपद पंचायत सरपंच और पंचों का आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती इस सरकार ने की है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार की बदनीयती के चलते अन्य पिछड़ा वर्ग की उम्मीदवार चुनाव लड़ने से वंचित हो गए हैं। स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण के संदर्भ में साय सरकार ने जो दुर्भावनापूर्वक संशोधन किया है वह अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय है अत्याचार है। भारतीय जनता पार्टी के मूल चरित्र आरक्षण विरोधी है जब ये विपक्ष में थे तब विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक को रोका। जिसमे अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 से बढ़कर 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान था। ▶▶ शेष पेज 11 पर

आवश्यकता है
हरिभूमि
महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में
रिपोर्टर (2 पद)
के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
अनुभवी को प्राथमिकता
(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
-संपर्क करें-
99811-31365
Email-haribhoomi.msmd@gmail.com
हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

खबर संक्षेप



सकट चतुर्थी का व्रत रखा

महासमुंद। ग्राम खरोरा में सकट चतुर्थी का व्रत रखकर महिलाओं ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। गायत्री चंद्राकर ने कहा कि सकट चौथ इस साल 17 जनवरी को मनाया गया। इस दिन माताओं द्वारा सकट चौथ के व्रत अपने ही बच्चों के लिए लंबी उम्र रखा जाता है। सकट चौथ में भगवान गणेश की पूजा अर्चना करते हैं। रात को चंद्र देखकर अपना व्रत तोड़ते हैं।

आदित्य का हैण्डबॉल के लिए चयन

महासमुंद। आदित्य का हैंडबॉल के लिए चयन

महासमुंद। केंद्रीय विद्यालय कक्षा 11वीं के छात्र आदित्य साहू का एसजरएफआई अंडर-17 हैंडबॉल हैदराबाद के लिए चयन हुआ। छत्तीसगढ़ के मात्र एक खिलाड़ी का चयन होने पर शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है। आदित्य इमलीभाठा निवासी गजेंद्र कुमार साहू, सविता साहू के पुत्र हैं। इस उपलब्धि पर बिसाहिन बाई साहू (नानी), माता-पिता, भैय्या आशुतोष समेत परिजनों ने हर्ष जताया है।

ई-रिक्शा चोरी के आरोप में दो शातिर गिरफ्तार

रायपुर। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के एक शराब दुकान के पास से आठ माह पूर्व ई-रिक्शा चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। डीडीनगर निवासी संतोष भगतानी की शिकायत पर पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने के आरोप में भाठागांव बीएसयूपी कॉलोनी निवासी फरदीन हुसैन तथा इरफान खान को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों ने 11 मई 2024 को शराब दुकान के पास से ई-रिक्शा चोरी कर ले गए थे।

दो सूने मकानों में धावा, कैश जेवर समेत लाखों की चोरी

रायपुर। रावतपुरा कालोनी में रहने वाले दो लोगों ने अज्ञात के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रावतपुरा में रहने वाले राकेश नहका ने पुलिस को बताया कि वह अपने पिता के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था, इस दौरान चोरों ने उसके घर से नकदी 32 हजार रुपए सहित डेढ़ लाख रुपए के जेवर चोरी कर ले गए। पेशे से ठेकेदार दयामन देवांगन ने भी अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 80 हजार रुपए सहित डेढ़ लाख रुपए कीमत की सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

शत-प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी बनाना करें सुनिश्चित

कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने अपार आईडी निर्माण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने उन संकुलों पर विशेष ध्यान देने को कहा, जो आईडी निर्माण में पीछे चल रहे हैं। कलेक्टर ने संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को नियमित समीक्षा करने और पोर्टल पर डाटा समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर सावंत और जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी 20 जनवरी से शुरू होने वाली प्री-बोर्ड परीक्षा की तैयारियां गंभीरता से और समय पर पूरी की जाएं। परीक्षा संचालन का स्तर बोर्ड परीक्षा के समान रखा जाए और सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कमजोर परिणाम वाले स्कूलों में नियमित मॉनिटरिंग और बेहतर कार्य योजना लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि स्कूलों में शिक्षकों का सामूहिक उत्तरदायित्व सुनिश्चित करें और गणित, विज्ञान और भाषा विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिए बेहतर तैयारी कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल समन्वयकों को अपने अंतर्गत आने वाले स्कूलों का नियमित अवलोकन करने और विद्यार्थियों की पढ़ाई की समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन, शिक्षा गुणवत्ता आदि पर विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर न जाएं। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में नशाखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई शिक्षक स्कूल में नशा करते पाया गया तो उसे तुरंत निलंबित किया जाएगा।

साथ ही बैठक में जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र बनाने में आ रही कठिनाइयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को पात्र विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में परीक्षा पे चर्चा 2025 की जानकारी ली गई जिसमें महासमुंद जिले ने परीक्षा पे चर्चा 2025 के तहत शानदार प्रदर्शन करते हुए 79.85 प्रतिशत परिणाम के साथ 96,567 प्रविष्टियों के माध्यम से राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिले की शालाओं में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनकी दिन-प्रतिदिन जानकारी ट्रैकर के माध्यम से एकत्रित की जा रही है। इन गतिविधियों को अधिक प्रभावी रूप से प्रचारित करने के लिए संबंधित हैशटैग का उपयोग कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जाएगा, जिससे जागरूकता और सहभागिता बढ़ सके। बैठक में सहायक संचालक एनके सिन्हा, संपा बोस सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

कमरौद में लगा आनंद मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय कन्या प्राथमिक शाला कमरौद के संयुक्त तत्वावधान में आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम कुंदन साहू जनपद सदस्य एवं विशेष अतिथि के रूप में सरपंच प्रेमीन ध्रुव, उपसरपंच मीना साहू, राहुल साहू, शिक्षक कीर्तन पटेल, मदन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र के पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ।

सर्वप्रथम बच्चों द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम डांस प्रस्तुत किया गया। डांस में भाग लेने वाले बच्चों को अतिथि घनश्याम कुंदन साहू एवं सरपंच प्रेमीन ध्रुव की ओर से पुरस्कार राशि दिया गया। उद्बोधन में संस्था रूम टू रीड से अतिथि रूप में आए मदन शर्मा द्वारा शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पढ़ाई के साथ साथ विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होता है। तत्पश्चात बच्चों द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट एवं चटपटे व्यंजनों का स्वाद अतिथियों, स्कूली बच्चों एवं ग्रामवासियों ने लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक चमन लाल साहू, राधे श्याम बगर्ती, खिलेश्वर प्रसाद साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर, भरत लाल साहू, सत्य भूषण नसीने, खोमन लाल साहू, शिक्षिका वंदना वर्मा का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सत्यभूषण नसीने ने किया।

छात्राओं ने इको गार्डन को संवारा,पौधे भी रोपे

महासमुंद। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में ईको क्लब की छात्राओं ने 26 जनवरी के पूर्व की तैयारी को ध्यान में रखते हुए ईको गार्डन के अवांछित खरपतवार को नष्ट करने और विकसित पौधे की कटाई छटाई कर ईको गार्डन को संवारने का कार्य किया। पश्चात अगरबत्ती के खाली झिल्ली में शो वाले पौधों का पौधरोपण किया। इसमें कक्षा नवमी से नीतू साहू, साक्षी साहू, यामिनी साहू, पूजा साहू, पायल यादव, रागिनी यादव, पार्वती निषाद, ओमिका निषाद, योगिता यादव, नेहा निषाद, रागिनी कंवर, तुलसी कंवर, धनेश्वरी पटेल, हुलेश्वरी साहू, ज्योति बंजारे, खुशबू पटेल, बरखा साहू, भूमि टंडन, हरिना निषाद, भावना साहू, चांदनी, अनुसुइया यादव, मुस्कान जांगड़े, भूमि साहू, हीना यादव, भूमिका साहू, दामिनी गायकवाड़, दिव्या निर्मलकर शामिल रहे। संपूर्ण साफ-सफाई और पौधरोपण ईको क्लब प्रभारी व्याख्याता परस राम सिन्हा के द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू, व्याख्यातागण रागिनी चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, श्रवण कुमार सिन्हा, निधि अग्रवाल, शिक्षक महेंद्र ध्रुव, रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी, अजय यादव सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहे। फोटोग्राफी में ग्यारहवीं की एकता धनगर, कमलेश्वरी, सुमन, तुषिता का सहयोग रहा।

पीएससी भर्ती घोटाला : 465 पन्नों की चार्जशीट, 40 लोग देंगे गवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- पीएससी के पूर्व चेयरमैन सहित सात को सीबीआई ने किया है गिरफ्तार
- साक्ष्य मिलने पर पूर्व परीक्षा नियंत्रक वासनिक की भी गिरफ्तारी

सीजीपीएससी परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में गुरुवार को सीबीआई के वकील ने स्पेशल कोर्ट में सीजीपीएससी के पूर्व चेरमैन टामन सिंह सोनवानी, डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर, सोनवानी के भतीजा तथा बेटा साहिल और नितेश के साथ बजरंग इस्पात के पूर्व डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल, उनके बेटे शशांक तथा बहू भूमिका के खिलाफ 465 पन्नों का चालान पेश किया है। इसके अलावा 15 पन्नों की सीबीआई के वकील ने समरी पेश की है।

परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने पूर्व पीएससी चेयरमैन तथा कारोबारी को दो माह पूर्व गिरफ्तार किया था। इसके बाद हाल के दिनों में सीबीआई ने डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर सहित कारोबारी के बेटे-बहू तथा चेयरमैन के भतीजे तथा बेटा को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने कोर्ट को बताया है कि परीक्षा में सिंडिकेट काम कर रहा था, जिसने पैसों का लेन-देन कर पर्चा लीक किया। सीबीआई के वकील ने कोर्ट को बताया है कि पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक की जांच की जा रही है। उनकी फिलहाल गिरफ्तारी नहीं की गई है। जांच में साक्ष्य मिलने पर आरती की भी गिरफ्तारी की जाएगी।

पीएससी घोटाला : सोनवानी का भतीजा पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी का भतीजा नितेश सोनवानी तथा पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर को सीबीआई ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। दोनों को सीबीआई ने शुक्रवार को पूछताछ करने तलब किया था। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सीबीआई ने सोनवानी तथा पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर को गिरफ्तार कर अवकाशकालीन कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने दो दिन की रिमांड पर लिया है। दोनों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

परीक्षा भर्ती घोटाले में अब तक चार गिरफ्तार

■ आरोपियों से पूछताछ करने कोर्ट में मिली दो दिन की रिमांड

हरिभूमि फॉलोअप

लगातार पूछताछ जारी : पूर्व में छापे की कार्रवाई के बाद सीबीआई को भर्ती घोटाला को लेकर कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। साक्ष्य का मिलान करने के बाद सीबीआई संबंधित लोगों को बुलाकर लगातार पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने भर्ती घोटाला को लेकर कई लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ करने तलब किया है।

पैसा लेकर नेता, अधिकारियों के रिश्तेदारों को नौकरी

सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन सोनवानी पर आरोप है कि उसने परीक्षा भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की है। उस पर कांग्रेस नेताओं तथा अफसरों के 18 रिश्तेदारों को पैसा लेकर नौकरी लगवाने का आरोप है। जांच में लेन-देन के साक्ष्य मिलने के बाद सीबीआई ने टामन सिंह तथा श्रवण गोयल की पहली गिरफ्तारी की सीबीआई की कार्रवाई को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि नितेश तथा ललित से पूछताछ के बाद आने वाले दिनों में कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले की जांच राज्य सरकार की अनुशंसा पर सीबीआई कर रही है। भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने पूर्व में सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के साथ बजरंग पावर के पूर्व डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई अब तक चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। श्रवण पर आरोप है कि उसने अपने बेटे शशांक तथा बहू भूमिका को नौकरी दिलाने के लिए सोनवानी के करीबी एनजीओ को सीएसआर मद से 45 लाख रुपए दिए थे।

40 गवाहों की सूची सौंपी

परीक्षा भर्ती मामले में सीबीआई के वकील ने कोर्ट में 40 गवाहों की सूची सौंपी है। चार्जशीट में आरोप है कि पीएससी के तत्कालीन पदाधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए लेनदेन कर अपने रिश्तेदारों और करीबी लोगों को उपकृत करने पेपर लीक किया। कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट पर 30 जनवरी को बचाव और अभियोजन पक्ष अपना तर्क प्रस्तुत करेंगे।

ई-रिक्शा से शराब की तस्करी, दो गिरफ्तार

रायपुर। ई-रिक्शा से शराब की तस्करी करने के मामले में आबकारी विभाग ने दो व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग के जिला सहायक अधिकारी वैभव मित्तल ने बताया कि 15 जनवरी की रात में मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ई-रिक्शा में दो लोग बल्क में शराब का परिवहन कर ले जा रहे हैं।

तालाब को पहले पाटने का प्रयास, अब ढाबे की गंदगी से पानी हो रहा प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू जाने वाले रास्ते के बगल में विधानसभा रोड से लगा तालाब का पानी प्रदूषित हो रहा है। इसका कारण तालाब से सटा एक ढाबा है। इस ढाबा से निकलने वाला गंदा पानी और कचरा तालाब में फेंका जा रहा है, जिसके कारण तालाब का पानी प्रदूषित हो रहा है, वहीं ढाबा का कचरा फेंके जाने से तालाब भी पट रहा है। यह वही तालाब है, जहां करीब डेढ़-दो महीने पहले कुछ लोगों द्वारा रात के अंधेरे में मिट्टी डालकर पाटने का प्रयास किया जा रहा था। नगर निगम की टीम ने गांव के कुछ जागरूक लोगों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए इस पर रोक भी लगाई थी। इस दौरान जेसीबी वाहन को भी जब्ती बनाया था। इस कार्रवाई के बाद निगम ने तालाब को सुरक्षित रखने के लिए अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है। यही कारण है कि ढाबा की गंदगी से तालाब विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है।

ढाबा का पीछे का हिस्सा अवैध, जारी किया था नोटिस _ इस कार्रवाई के दौरान निगम ने ढाबा की भी पड़ताल की थी। जोन सूत्रों के अनुसार इस पड़ताल में ढाबा के पीछे हिस्से में किया गया निर्माण अवैध पाया गया था। ढाबा के पीछे हिस्से में रसोई है। इस रसोई का गंदा पानी और कचरा निकासी के लिए तालाब की तरफ पाइप निकाला गया है। इस तरह पाइप के जरिए ढाबा से निकलने वाला गंदा पानी सहित अन्य गंदगी तालाब में गिर रही है। इसे लेकर ढाबा संचालक को नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी ढाबा संचालक द्वारा तालाब को लगातार प्रदूषित किया जा रहा है।

कई ट्रक मिट्टी डालकर जेसीबी से पाटा जा रहा था तालाब को

नगर निगम जोन-9 की टीम को सूचना मिली थी कि प्रिंस ढाबा के पीछे तालाब को अज्ञात लोगों द्वारा मिट्टी डालकर पाटा जा रहा है। निगम को इसकी जानकारी देने वाले लोगों ने इसका विडियो भी बनाया था। सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर तालाब को पाटने पर रोक लगाते हुए मौके से बगैर नंबर की एक जेसीबी मशीन को जब्त किया था। टीम ने तालाब के पहले एक बड़ा गड्ढा भी किया है, ताकि कोई वाहन तालाब तक जा नहीं सके।

बागबाहरा में हुई ब्लॉक स्तरीय कुकिंग स्पर्धा अनेक रसोइयों ने बनाए स्वादिष्ट व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बच्चों और पालकों के मध्य प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का प्रसार करने, रसोई घर, बर्तन एवं खाद्य सामग्री की स्वच्छता एवं शुद्धता बनाये रखने, कुकिंग में समय प्रबंधन को नियोजित करने एवं उचित पौष्टिक आहार देने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार वर्मा, एबीईओ रामता मन्नाडे एवं बीआरसी भूपेश्वरी साहू के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय बालक प्राथमिक शाला बागबाहरा में किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी भूपेंद्र निराला संकुल समन्वयक बागबाहरा, मनीष अवसरिया संकुल समन्वयक कसेकेरा एवं गजानन दीवान संकुल समन्वयक लालपुर ने संयुक्त रूप से बताया कि कुकिंग कास्ट प्रतियोगिता में विकासखंड बागबाहरा के सभी संकुलों के रसोइयां प्रतिभागी सम्मिलित हुए। निर्णायक मंडल से व्याख्याता रक्षा साहू, धनेश्वरी चंद्राकर, पूरी हरपाल एवं सहायक शिक्षक गीता साहू ने प्रतियोगिता में सम्मिलित रसोइया के ड्रेस, साफ-सफाई, समय प्रबंधन, स्वाद एवं न्यूट्रिशन मूल्य के आधार पर अंक प्रदान कर अपना निर्णय सुनाया। इस अवसर पर रसोइया संघ ब्लॉक बागबाहरा की अध्यक्ष कचरा चंद्राकर की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संकुल केंद्र-लालपुर से ज्योति दीप एवं राकेश यादव द्वितीय स्थान पर संकुल केंद्र-मोहगांव के पिंगला साहू एवं तृतीय स्थान पर संकुल केंद्र खोपली के सेवती साहू रही। विजेता प्रतिभागियों को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार वर्मा एवं अतिथिगण ने प्रमाणपत्र, निर्धारित राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीईओ कार्यालय बागबाहरा की मध्याह्न भोजन प्रभारी राजकुमारी नेताम, प्रोग्रामर वंदना साहू, संकुल समन्वयक रामचरण ध्रुव, देवलाल सिन्हा, मोहिंदर पांडे, गेंदलाल यादव, शासकीय बालक प्राथमिक शाला की प्रधानपाठक संतोषी साहू, यामिनी दुबे, वीणा साहू, शशिकला गुप्ता, श्याम दीवान, जितेंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे।

उच्च न्यायालय ने एसडीएम के आदेश पर लगाया स्टे

महासमुंद। ग्राम पंचायत बेलसोंडा सरपंच को निलंबन आदेश दिए जाने के बाद हुई अपील पर न्यायालय से स्थगन ले लिया। परंतु, ऐसे ही मामलों में ग्राम अछोला और कांपा के सरपंच को वर्तमान में स्थगन आदेश प्राप्त हुआ। बता दें कि अछोला के सरपंच तथा कांपा के सरपंच को भी निलंबित कर दिया गया था। कांपा के सरपंच गजानंद साहू को निलंबित करने के साथ साथ छः वर्ष के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य कर दिया था। लेकिन, सरपंच गजानंद ने लड़ाई जारी रखी और अंततः 15 जनवरी 2025 को उच्च न्यायालय ने निलंबन आदेश पर स्थगन देकर सरपंच गजानंद को चुनाव लड़ने के लिए योग्य करार दिया। सरपंच गजानंद ने इसे जनता जनार्दन का आशीर्वाद बताते हुए आने वाले पंचायत चुनाव के लिए समर्थकों के साथ जनता के बीच जाने की बात कही है।

किरणदेव के नेतृत्व में जीतेंगे आगामी चुनावः येतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

17 जनवरी को स्थानीय नेहरू चौक में किरणदेव सिंह के फिर भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनने पर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया।

इस अवसर पर उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि किरणदेव के कुशल संगठन क्षमता और नेतृत्व में भाजपा ने विधानसभा और लोकसभा में ऐतिहासिक विजय हासिल किया। हम सबको पूर्ण विश्वास है कि आगामी दिनों में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी हम सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से जीत हासिल करेंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, महामंत्री एमआर विश्वनाथन, महेंद्र जैन, संदीप घोष, गोपाल वर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, आनंद साहू, मोहन साहू, पवन साहू, गोविन्द ठाकुर, विक्की गुरुदता, भारत खत्री, सोनधान सोनवानी, अजय चोपड़ा, भूपेंद्र सार्वा, सूर्यप्रताप, भाउ राम साहू, संतोष वर्मा, गणेश सिंह चौहान, अभिषेक पांडेय, जगन्नाथ छुरा, पार्वती साहू, सीता डोंडेकर, ज्ञानेश्वरी सर्व सहित बड़ी संख्या में भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे। यह जानकारी एमआर विश्वनाथन ने दी है।

खरीदी केंद्रों से धान उठाव नहीं होना गंभीर समस्या

उठाव को लेकर विभागीय अधिकारी गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अंतर्गत 16 धान खरीदी केंद्रों में सांकरा, भगतदेवरी, सलडीह, पेंड्रावान, मोहगांव, सागुनढ़ाप, विजयमाल, सुखीपाली, सपोस, परसवानी, सिरको, ढोढरकसा, बाल्दीडीह, लोहराकोत, जेराभरन, डोंगरीपाली आते है। जहां 80 प्रतिशत धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर हो चुकी है। परंतु, उठाव 3 से 10 प्रतिशत हुई है। पिरदा शाखा अंतर्गत चनाट, टांगापासा, भस्करापाली, तरेकेला, नरसैय्यापल्लम, बम्हनी के उपार्जन केन्द्रों में 10 से 15 प्रतिशत उठाव हुआ है। जब तक डीओ, टीओ नही काटा जाएगा तो धान का उठाव कैसे होगा।

यहां गौर करने वाली बात ये है कि धान खरीदी को राज्य सरकार किसानों का धान समर्थन मूल्य में खरीद रही है। परन्तु, खरीदी सहकारी समिति के अस्थाई कर्मचारियों से कराए जा रहे हैं, जो धान खरीदी केंद्रों का प्रभार लेना नही चाहते थे। बता दें कि शासन द्वारा 24 से 36 घंटे में खरीदी गई धान को उठाने का एग्रीमेंट समिति से किया जाता है, पर इसका पालन ही नहीं किया जा रहा है। आज पूरे 60 दिन हो गए परिवहन। उठाव मात्र 3 से 5 प्रतिशत ही हुआ है। धान में धूप के कारण काफी सूखत हो रही है।

ठगी के आरोपी युवक-युवती गिरफ्तार, एडमिशन, इलाज के नाम पर 7.27 लाख की धोखाधड़ी का मामला

महासमुंद। पिथौरा के एक व्यक्ति से एडमिशन, इलाज के नाम पर 7.27 लाख रुपए की ठगी करने वाले युवक-युवती को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 15 जनवरी को प्रार्थी आदित्य कुमार दुबे ने अज्ञात मोबाइल नंबर के धारक द्वारा 25 दिसंबर 2024 से 12 जनवरी 2025 के मध्य मैसेज एवं कॉल के माध्यम से उसकी भतीजी की सहेली एवं उसका भाई होना बताकर एडमिशन, एक्सिडेंट एवं इलाज के लिए 7,27,000 रुपए की धोखाधड़ी किए जाने की रिपोर्ट पिथौरा थाने में दर्ज कराई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पिथौरा में अपराध धारा 318(4), 319(2), 3(5) बीएनएस, का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी सहायता से उक्त मोबाईल धारकों की पतासाजी कर पूछताछ की गई, जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम सदानंद साहू उर्फ गणेश पिता तिजराम साहू (31 वर्ष) पीपरडीही पो. अमोदी थाना सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ (छग) तथा सहयोगी संतोषी नेताम पिता रामायाण सिंह नेताम (25 साल) पीपरडीही पो. अमोदी थाना सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ (छग) का निवासी होना बताया। टीम के द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि प्रार्थी आदित्य कुमार दुबे की भतीजी और आरोपी युवती व उसकी एक अन्य सहेली रूममेट थीं। आरोपी युवती ने देखा कि प्रार्थी जब भी अपनी भतीजी से मिलने आता था तो उसको खर्च के लिये बहुत पैसा देता था, जिसकी जानकारी आरोपी सदानंद साहू एवं आरोपी संतोषी नेताम को थी। दोनों आरोपी ही गांव के है और एक राय होकर पैसों के लालच में आकर गीतांजली साहू का नाम लेकर एक्सीडेंट के इलाज के लिए, बीमारी के इलाज के लिए एडमिशन के लिए पैसे की जरूरत होना बताकर, विभिन्न फोन पे नंबरों, बैंक खातों के माध्यम से धोखाधड़ी कर पैसा जमा कराया। प्रकरण के आरोपी सदानंद साहू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग एमआई मोबाईल एवं एक नग मोबाईल एवं 8 नग अलग-अलग बैंकों के डेबिट, क्रेडिट कार्ड जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना पिथौरा में अपराध धारा के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पेज 09 का शेष

ओबीसी के आरक्षण में कटौती...

2 दिसंबर को पारित किया विधेयक भाजपा के षडयंत्रों के चलते ही आज तक राजभवन में लंबित है। अब स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण के नियमों में बदलाव करके ओबीसी अधिकारों में दुर्भावना पूर्वक कटौती किया गया है।
धरना प्रदर्शन प्रदर्शन एवं घेराव में पंकज शर्मा नगर पालिका पर्यवेक्षक, डॉ. रश्मि चंद्राकर जिलाध्यक्ष, विनोद चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर उपाध्यक्ष नगर पालिका, दाऊलाल चंद्राकर, नरेंद्र दुबे, संजय शर्मा, मोहित ध्रुव, मनोजकांत साहू, त्रिभुवन महिलांग, हीरा बंजारे, प्रमोद चंद्राकर, सती साहू, अरुण चंद्राकर, नारायण नामदेव, सोमेश दवे, गौरव चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, विजय साव, राजू साहू, डॉ.तरुण साहू, मिंदर चावला, राजेश नेताम, निखिलकांत साहू, बबलू हरपाल, भरत ठाकुर, अजय थवाईत, लता कैलाश चंद्राकर, राजेश नेताम, देवेश शर्मा, पिंकी बघेल, प्रीति साहू, नुकेश महंत, टोवा राम कन्नौजे, मो. मंसूर खान, राहुल अवाड़े, तबरेज खान, दशोदा ध्रुव, रवि ध्रुव, बादल बघेल, ईशा टंडन, माया पांडे, सोनम रामटेके, ममता चंद्राकर, कातिका पैकरा, भूमिका ध्रुव, लक्ष्मी सोनी, सलमान, देवनारायण ध्रुव, सूरज नायक, अब्दुल जावेद, निहार राव चकोले, जय पवार, गोविंद चंद्राकर, टोमन सिंग कागजी, प्रकाश अजमानी, मिंदर चावला, मोती साहू, लीलू साहू, अरिन चंद्राकर, पुष्पेंद चंद्राकर, मेहुल सूचक, एजाज जेहरा नकवी, शकील खान, अनवर हुसैन, बसंत चंद्राकर, लखन चंद्राकर, सन्नी महानंद, चंद्रेश साहू, रविंद्र बबलू महानंद, सुरेन्द्र ठाकुर, युवराज साहू, एरिस अनवर, अनीश रजवानी, संतोष ठाकुर, इब्राहिम खान, दिया हरपाल, कान्हा प्रधान, भानू सोनी ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा।

खबर संक्षेप

रोहिना में राज्य ग्रामीण कबड्डी स्पर्धा 26 को

सरायपाली। रोहिना में युवा आजाद समिति के तत्वावधान में 38वां वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 26 जनवरी को रखा गया है। इस प्रतियोगिता का ग्रामीण बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। यह प्रतियोगिता विगत 37 वर्षों से 26 जनवरी को ही आयोजित होता आ रहा है। इस प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, छठवां, सातवां, आठवें पुरस्कार के तौर पर नगर राशि व ट्राफी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट केचर, बेस्ट रेडर का विशेष आकर्षण पुरस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में केवल एक ग्राम, ग्राम पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने के युवा आजाद समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को दायित्व सौंपा गया है।

पॉलीटेक्निक के लैब लाइब्रेरी का किया भ्रमण

महासमुंद। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) ट्रेड संचालित है। इसके तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण पर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महासमुंद ले जाया गया। यहां विद्यार्थियों को कॉलेज में संचालित विभिन्न कोर्सों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्राध्यापक लक्ष्मीकांत करल द्वारा विद्यार्थियों को कॉलेज की लैब, लाइब्रेरी और कक्षाओं का दिखाकर विषय के बारे में बताया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में व्यवसायिक प्रशिक्षिका प्रज्ञा लांजेवर एवं व्याख्याता निधि तिवारी द्वारा किया गया।

निरीक्षण : मिनी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह, पुख्ता सुरक्षा की ली जानकारी

कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मिनी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंच की व्यवस्था, बेरिकेडिंग और मैदान की स्थिति का विस्तार से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय तरीके से आयोजित करने समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच की सजावट और आयोजन स्थल

पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ताकि, किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, उन्होंने बेरिकेडिंग को सुव्यवस्थित रखने और आगंतुकों के लिए समुचित व्यवस्थाओं जैसे बैठने, पेयजल, और प्रवेश-निकास की सुगमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा, संबंधित जिला अधिकारी और आयोजन से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम को देशभक्ति से ओत-प्रोत और स्थानीय संस्कृति को महत्व को प्राथमिकता देते हुए आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। समारोह स्थल पर 13 विभागों और संस्थाओं द्वारा तैयार किए गए चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

पूर्व पार्षद ने की दावेदारी

महासमुंद। संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद एवं पूर्व पार्षद विजय साव ने महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष के लिए जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलावन बघेल को अपना आवेदन प्रस्तुत कर अपनी दावेदारी की है। राजनीतिक विशेषज्ञ का मानना हैं कि विजय साव चुनाव लड़ते हैं तो विपक्षी सभी उम्मीदवारों को भारी पड़ सकता है।



कृष्णा ने की नपाध्यक्ष के लिए दावेदारी

महासमुंद। कृष्ण कुमार चंद्राकर ने नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर को आवेदन प्रस्तुत किया और उन्होंने कहा कि वह पूर्व में नगर पालिका उपाध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष पद पर रहे है, जिससे कारण वह अनुभवी है व विगत 34 वर्षों से कांग्रेस पार्टी में रहते हुए पार्टी के हित में अनेक कार्य और सेवाएं दी हैं इसीलिए उनके अनुभव और पार्टी के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्राथमिकता दी जाए।

कंवर पैंकरा समाज का युवक-युवती सम्मेलन 19 को

कोमाखान। कंवर पैंकरा समाज महासभा खल्लारी का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 19 जनवरी को आयोजित किया गया है। जिसमें 16 सर्कल के सभी पदाधिकारी, युवा प्रभाग, महिला प्रभाग, कर्मचारी प्रभाव व कुटुंबजन को आमंत्रित किया गया है। मुख्य अतिथि प्रीतम सिंह दीवान पूर्व विधायक खल्लारी, थानसिंग दीवान जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, हेमकरण दीवान जिला पंचायत सदस्य व अध्यक्षता मानसिंह दीवान जिलाध्यक्ष महासभा खल्लारी करेंगे। विशिष्ट अतिथि सर्कल अध्यक्ष घनश्याम दीवान, दलपत दीवान, गणेशराम दीवान, चैनसिंग दीवान, भारत दीवान, विश्राम दीवान, दशरथ दीवान, सेवकराम दीवान, धनसिंग दीवान, हुमन दीवान, भारत दीवान, ज्ञानसिंग दीवान, नम्मु दीवान, पूनम दीवान, सुकुल राम दीवान होंगे। उक्ताशय की जानकारी राम दीवान कंवर समाज जिला महासचिव ने दी।

अघरिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

नर्रा। अखिल भारतीय अघरिया समाज का केंद्रीय अध्यक्ष उषा पटेल निर्वाचित होने पर बागबाहरा के समस्त समाज के प्रमुखों ने इनके निवास स्थान पिथौरा पहुंचकर गुलस्ता भेंटकर हर्ष जताया। इस दौरान प्रमुख रूप से बागबाहरा अध्यक्ष कलाराम नायक, अशोक पटेल, पीलेश्वर पटेल, श्यामलाल नायक, गोपाल चौधरी शंकर कौशिक, मनोहर पटेल, कृपाराम पटेल, बंशी पटेल, चंद्रहास नायक, सीताराम पटेल, राधेश्याम पटेल, अनुज पटेल, घनश्याम पटेल, बोध राम पटेल, प्रीतम चौधरी, राजेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

शिव महापुराण कथा में शामिल हुए निखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के रायपुर रोड स्थित तिवारी बिल्डिंग के सामने आयोजित शिव महापुराण कथा में युकां प्रदेश महासचिव व पूर्व नपा सभापति निखिलकांत शामिल हुए। उन्होंने कथावाचक वैष्णवाचार्य सुरेंद्र दास धाम वृंदावन कवर्धा वाले का पुष्प माला पहनाकर सम्मान करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही भगवान शिव की पूजा कर शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। कथा वाचक सुरेंद्र दास ने माता पार्वती द्वारा पतिव्रत धर्म का उपदेश, गणेश प्रकटोत्सव तथा भगवान शिव के विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने भगवान शिव की भक्ति को मोक्ष प्राप्ति का प्रमुख माध्यम बताया। कथा स्थल पर साहू का महिलाओं ने ऊँ नमः शिवाय लिखा हुआ गला बंद पहनाकर तथा फल भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजनकर्ता परिवार के सदस्यगण व श्रोता भक्त सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

भौतिक विषय में विनीत को मिली पीएचडी उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गौरव ग्राम भोरिंग निवासी व शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा बिलासपुर में भौतिक शास्त्र के सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत विनीत कुमार मन्नाडे को गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भौतिक शास्त्र विषय के लिए पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विशिष्ट अतिथिगण प्रो. टीजी सीताराम अध्यक्ष ऑल इंडिया टेक्निकल एजुकेशन, अतुल कोठारी राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्याय, छग का राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साहू, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू एवं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला रहे। अध्यक्षता गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने की।

विनीत ने अपना शोध प्रबंध इंवेस्टिगेटिंग क्लोज-इन एक्स्ट्रा-सोलर प्लेनेटरी सिस्टमस थ्रू फोटोमैट्रिक फॉलो-अप ऑफ़ देयर

ट्रांजिट्स विषय प्रो. पारिजात ठाकुर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। विनीत का प्रारंभिक शिक्षा गांव भोरिंग से ही प्रारंभ हुआ। स्नातक अध्ययन छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर व स्नातकोत्तर का अध्ययन भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग अध्ययन शाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से करने के पश्चात 2016 में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में यूजीसी-एमआरपी रिसर्च प्रोजेक्ट में प्रोजेक्ट फेलो के रूप में शोध कार्य के साथ 2016 में ही जीएटीई एक्जाम क्वालीफाई के बाद पीएचडी शोध अध्ययन प्रारम्भ कर प्रो. पारिजात ठाकुर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। पीएचडी शोध अध्ययन में सफलता व सहयोग मार्गदर्शन के लिए अपने गुरुजनों प्रो. डीके साहू, भारतीय खगोलभौतिकी संस्थान (आईआईए)) बैंगलोर, प्रो. इंग गुए जियांग नेशनल सिंघुआ यूनिवर्सिटी सिंचू ताइवान, प्रोफेसर एनके चक्रधारी, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्रति आभार के साथ अपने पिता हीरालाल मन्नाडे एवं ईष्टमित्रों का आभार जताया। विनीत को डॉक्ट्रेट उपाधि मिलने पर गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग के समस्त आचार्यों एवं पदाधिकारियों के साथ ही उनके कर्मक्षेत्र प्रमुख कोटा महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य बीएल काशी, वर्तमान प्राचार्य डॉ. नाज बेंजामिन, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, महासमुंद जिला अजाक्स से कमलेश ध्रुव जिलाध्यक्ष, एसपी ध्रुव, अनिल ढ़ीढ़ी, केके ठाकुर, तुलेंद्र सागर, एडी कुर्रे, के सिंह, बीपी मेश्राम, एमएल ध्रुव, चित्रा खटकर, खोशिल जेंड्रे, बाबूलाल ध्रुव, हर्षप्रताप मन्नाडे, एसपी साय ने हर्ष जताया है।

फायर लाइन वन सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कार्यशाला में जंगल के सुरक्षा के लिए अपील करते हुए भी दिलाई गई शपथ

खल्लारी वन परिक्षेत्र अंतर्गत आंवराडबरी वन डिपो में महासमुंद डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट आफिसर पंकज राजपूत के मार्गदर्शन पर खल्लारी के सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी नरेंर चंद्राकर के विशेष प्रयास से विभागजनों के सहयोग में फायर लाईन वन सुरक्षा जागरुकता (कार्यशाला) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खल्लारी, भीमखोज, आंवराडबरी, जोरातराई, रैताल, बीकेबाहरा, गाडाघाट, पतेरापाली, आमानारा, सिर्री, हाथीगढ़, ओंकारबंद, चुरकी संहित आदि गांव के लोग शामिल हुए।

बता दें कि उक्त आयोजन के माध्यम से जंगल के पेड़-पौधों को आग से बचाने उपस्थित लोगों को इस दौरान जागरुकता के अनेक टिप्स के साथ जंगल के सुरक्षा के लिए अपील करते हुए शपथ भी दिलाई गई। ताकि, जंगल की सुरक्षा के साथ लोगों का भी जीवन सुरक्षित रहे। इस अवसर पर सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी नरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि वन, जंगल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसे सुरक्षित बचा के रखना हम सब का कर्तव्य भी है और इसके सुरक्षा के लिए हमारे विभाग से लेकर स्थानीय, क्षेत्रीय, नागरिक व सामाजिक संहित प्रत्येक वर्ग के लोगों को वनों की सुरक्षा के लिए हर सम्भव जागरूक रहने की जरूरत है। वहीं अब गर्मी के दिनों में आग से जंगल को सबसे ज्यादा खतरा रहता है। जिसे रोकने के लिए हम सब को एक साथ जंगल की सुरक्षा में खड़े रहने की जरूरत है। इसलिए फायर लाइन वन सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों से अपील की गई। ताकि, जंगल को आग से बचाने गांव के सभी लोगों में ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क बने और आगजनी की घटना घटे व रूक सके। इससे वन, जंगल, जीव-जन्तु संहित सब सुरक्षित मतलब, हम भी सुरक्षित रह सकेंगे। वहीं फायर लाइन वन सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम को वनक्षेत्र पाल राजेंद्र परिहार, सामाजिक कार्यकर्ता तारेश साहू, आंवराडबरी संयुक्त वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ईश्वर आदि ने भी सम्बोधित किया। संचालन वन रक्षक कमल यादव ने किया।

इस दौरान खल्लारी के पूर्व सरपंच रामलाल सिन्हा, मरारकसहीबाहरा के पूर्व सरपंच चेतन चंद्राकर, वनक्षेत्र पाल भुनेश्वर तिवारी, सुरेश कुमार साहू, वन रक्षक अमित कुमार दीवान, ललित यादव एवं प्रसाद साहू, सुरेश पटेल, अर्जन पटेल, वन चौकीदार सतीश साहू, अशोक निषाद, तुलेश सिन्हा, बैगा ध्रुव, हीरा सिंह, मानसिंह ठाकुर, करण ठाकुर, यशवंत साहू, नितिन साहू, मनोहर ध्रुव, चैन कुमार, नेतराम, पंच राम, तोरण सिन्हा, लूमेंश साहू व घनश्याम बाई, नेहा साहू, रेखा साहू, जोहत्री बाई ध्रुव सहित ग्रामीणजन व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों व आय व्यय की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गायत्री प्रज्ञा पीठ खल्लारी में शांतिकुंज हरिद्वार से प्रधारे केंद्रीय प्रतिनिधि लेख राम साहू द्वारा गायत्री महामंत्र से गोष्ठी प्रारंभ किया गया। क्षेत्रों में चलाए जा रहे विभिन्न भावी योजनाओं, गतिविधियों, आय व्यय संबंधी जानकारियां, रसीद बुक संधारण करने की प्रक्रिया के विषयों को गंभीरता पूर्वक सहज भावों से प्रस्तुति करण किया गया। माता भगवती देवी शर्मा, अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष 2026 के पूर्व तैयारियां संबंधी विभिन्न उच्च स्तरीय तथ्यों को गहनता पूर्वक विस्तार से सहज भावों से संबोधित किया गया। उनके द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न

कार्यों की समीक्षा के साथ गुरुदेव माता के जीवन से संबंधित साधनात्मक, रहस्यों के घटनाक्रमों को रोचक ढंग से प्रस्तुतिकरण किया गया। अंत में शांति पाठ किया गया।

आवासीय विद्यालय में मां-बेटी सम्मेलन का आयोजन

महासमुंद। शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया बागबाहरा में 16 जनवरी को मां-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति एवं समस्त पालकों द्वारा न्योता भोज किया गया। नायब तहसीलदार नंदनी वर्मा द्वारा बालिका शिक्षा पर चर्चा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा द्वारा पालकों एवं छात्राओं को पढ़ाई के महत्व को बताया गया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामाता मन्ना डे द्वारा बालिकाएं आजकल सभी क्षेत्र में आगे हैं इस पर चर्चा की गई। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक भूपेश्वरी साहू द्वारा भी छात्राओं को हमेंशा अपने लक्ष्य के अग्रसर रहने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक भूपेंद्र निराला, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की अधीक्षक रक्षा साहू, शाला की समस्त शिक्षिका, शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष कमल किशोर दीवान एवं एसएमसी सदस्य एवं समस्त पालक का का योगदान रहा।

ओंकारबंद के 43 घरों में गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए गायत्री शक्तिपीठ बागबाहरा के मार्गदर्शन में विकासखंड के प्रशिक्षित युग पुरोहितों के सहयोग से खल्लारी ईकाई अंतर्गत ओंकारबंद में 54 घरों के सर्वे में 43 घरों में गायत्री महायज्ञ, 3 बहिनों का पुंसवन संस्कार वैदिक रीति से हुआ। विकासखंड के दूरस्थ अंचलों से साथ अन्य विकासखंड से भी यज्ञाचार्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सम्पन्न करने के लिए 41 यज्ञाचार्य उपस्थित रहे। ग्राम के महिला समूह एवं युवाओं का सहयोग रहा। पुनः उपस्थित समस्त युग पुरोहितों को आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ शांतिपाठ हुआ।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
28 फरवरी से 08 मार्च 2025, 21 मार्च से 29 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025,
23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
राशि:-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 24,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport